वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 292 शुक्रवार 17 फरवरी 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर



# गहलोत ने एक लाख नई भर्तियों की घोषणा की

## कहा- चिरंजीवी योजना में प्रदेश के बाहर ऑर्गन ट्रांसप्लांट हो सकेगा; सीकर में खुलेगा मिनी सचिवालय

**जयपुर. कासं**

बजट बहस के जवाब में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में एक लाख नई भर्तियों की घोषणा की है। ये भर्तियां पहले से घोषित भर्तियों से अलग होंगी। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के खाली पद भरने के लिए ये भर्तियां होंगी। मुख्यमंत्री ने चिरंजीवी योजना का दायरा बढ़ाने का ऐलान किया है। योजना के तहत अब ऑर्गन ट्रांसप्लांट की सुविधा प्रदेश के बाहर के हॉस्पिटल्स में भी उपलब्ध होगी। बजट में चिरंजीवी योजना में इलाज की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख करने की घोषणा की गई है।

### किसानों की वीसीआर नहीं भरी जाएगी

गहलोत ने चुनावी साल में किसानों की विजिलेंस चेक रिपोर्ट (वीसीआर) भरने की शिकायतों का समाधान करने के लिए 'स्वैच्छिक भार वृद्धि' योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत किसानों को लोड की घोषणा खुद करने पर पेनल्टी नहीं लगेगी और वीसीआर नहीं भरी जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 17 नए कॉलेज खोलने की घोषणा की है। इसके अलावा 7 नए गर्ल्स कॉलेज भी खोले जाएंगे। सीएम ने कहा कि जयपुर के हवामहल विधानसभा क्षेत्र में उर्दू बीएड कॉलेज की स्थापना के साथ प्रदेश में 5 नई आईटीआई भी खोलीं जाएंगी। वहीं, 2 हजार 500 राजीव गांधी युवा मित्रों की भर्तियां की जाएंगी। संभाग स्तर के एक-एक स्कूल में डिफेंस सर्विस प्रीपैरेट्री इंस्टीट्यूट खोले जाएंगे। वहीं, जयपुर और जोधपुर के पॉलिटेक्निक कॉलेज में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर इलेक्ट्रिक व्हीकल और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर इलेक्ट्रिक व्हीकल स्थापित किए जाएंगे।

### सुशासन : सीकर में खुलेगा मिनी सचिवालय

सरकार सीकर में मिनी सचिवालय का निर्माण भी करवाएगी। इसके अलावा अजमेर व दौसा में दो अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालयों को भी मंजूरी दी गई है। वहीं, जोधपुर में दो एसडीएम ऑफिस खोले जाएंगे। हनुमानगढ़ के नोहर में रोडवेज का डिपो बनाने की भी घोषणा मुख्यमंत्री ने की है।

### तीन जिलों में अतिरिक्त जिला कोर्ट

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में 6 नए पुलिस थाने के अलावा दो महिला पुलिस थानों को खोलने की भी जानकारी दी। वहीं, भरतपुर में एक सदर थाना भी खोला जाएगा। उन्होंने बाड़मेर और जालोर में दो पुलिस उपाधीक्षक ऑफिस खोलने की भी घोषणा की है। साथ ही तीन जिलों में अतिरिक्त जिला एवं सैशन कोर्ट के साथ अलवर में एक कैंप कोर्ट भी खोला जाएगा। वहीं, अलवर में एक पॉक्सो कोर्ट के लिए भी मंजूरी दी गई है।

# जेडीए के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## विद्याधर नगर स्थित 300 करोड़ रुपए कीमत की जमीन जेडीए के नाम हुई



**जयपुर. कासं**

दिल्ली स्थित सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश ने जयपुर जेडीए के नाम करोड़ों रुपए कीमत की जमीन हो गई। ये जमीन जयपुर में विद्याधर नगर और वीकेआई एरिया के बीच मल्होत्रा नगर के पास है। इस जमीन पर पिछले साल नवंबर में जेडीए की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए यहां बने गोदाम, ऑफिस, दुकानें, झुग्गी-झोपड़ियों, मकान और कमरे खाली करवाकर उन्हें हटाया था। इस कार्यवाही के बाद ये मामला सुप्रीम कोर्ट चैलेंज किया था, जहां सुनवाई के बाद तीन जजों की बैंच ने फैसला जेडीए के पक्ष में सुनाया। इस फैसले के बाद करीब 11 बीघा 19 बिस्वा ये जमीन जेडीए के नाम हो गई। सुप्रीम कोर्ट में पिछले दिनों चली लम्बी बहस के बाद सुप्रीम कोर्ट में जज संजय किशन कॉल, मनोज मिश्रा और अरविंद कुमार की बैंच ने फैसला जेडीए के पक्ष में करते हुए याचिकाकर्ता छोटूराम मीणा की अपील को खारिज कर दिया।

### 25 साल से ज्यादा समय से चल रहा था मामला

जेडीए और सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में पैरवी करने वाले सीनियर एडवोकेट मनीष सिंघवी ने बताया कि ये मामला पिछले 30 साल से ज्यादा समय से कोर्ट में लम्बित था। साल 1958 में ये जमीन सेटलमेंट के समय ये जमीन जेडीए के नाम हो गई थी। साल 1997 में इस जमीन पर काबिल छोट राम मीणा ने सरकार पर मुआवजा नहीं देने और जमीन अपने दादा की होने की बात कहकर एडीएम कोर्ट में इस पर दावा पेश किया था। तब से मामला लगातार नीचली अदालत से होते हुए उच्चतम न्यायालय यानी सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, जिस पर आज फाइनल फैसला दिया गया। विद्याधर नगर के पास स्थित इस बेशकीमती जमीन का वर्तमान बाजार मूल्य 300 करोड़ रुपए से ज्यादा है। यहां पिछले 25 साल से छोटू राम मीणा और कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा था और इसे किराये पर दे रखा था। किराये पर देने के लिए यहां 5 बड़े गोदाम, 6 मार्बल पत्थर के गोदाम, 5 ऑफिस, एक कार सर्विस सेन्टर, एक स्कूल समेत कई झुग्गी झोपड़ियां बना रखी थी। इन सभी को जेडीए ने पिछले साल अक्टूबर में नोटिस देकर खाली करने के लिए था।









# जैन सोश्यल ग्रुप महानगर के तत्वावधान में जैन मंदिर का शिलान्यास दिनांक 18 फरवरी 2023 को

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर में केसर चौराहे के पास, मुहाना मंडी रोड़ जयपुर के पास पार्श्वनाथ नारायण सिटी विस्तार में दिनाँक 18 फरवरी 2023 को दोपहर 12.00 बजे जैन मंदिर का शिलान्यास जैन सोश्यल ग्रुप महानगर जयपुर के तत्वावधान में किया जायेगा। अध्यक्ष संजय जैन आवा ने बताया कि यह जैन सोश्यल ग्रुप फैडरेशन के इतिहास में पहला मौका होगा जिसमें किसी जैन सोश्यल ग्रुप द्वारा जैन मंदिर का शिलान्यास करवाया जा रहा है जिससे समाज मे धर्म प्रभावना बढ़े। शिलान्यास कार्यक्रम में उमराव मल संघी, प्रमोद पहाड़िया, सुभाष चंद जैन, विनय सोगानी, महेंद्र सिंघवी आदि समाज श्रेष्ठिजन का सानिध्य रहेगा। आप सभी से अनुरोध हैं कि इस जैन मंदिर शिलान्यास कार्यक्रम में समयानुसार शामिल हो कर धर्म लाभ उठाए। कार्यक्रम के उपरांत भोजन व्यवस्था रखी गई हैं।









### मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज ने कहा...

# मेरी बात कभी मत मानना लेकिन सुनना जरूर सही लगे तो निर्णय करना

### 17 फरवरी से टीकमगढ़ में पंच कल्याणक महोत्सव प्रारंभ। महामहोत्सव के पात्रों का हुआ चयन



**टीकमगढ़. शाबाश इंडिया।** आपका मन बिगड़ने लगें बिगड़ जाये और आप किसी को बताते तक नहीं आप कहते हैं महाराज जी का तो काम कहना है चलो कोई बात नहीं शक्ति तसं त्यागा जितनी शक्ति है उतना त्याग करें जैन दर्शन ने कभी जबरदस्ती नहीं कराईं महावीर के पास तो सौधर्म इन्द्र उनकी सेवा में थे। कर सकते थे ताानाशाही डंडे के बल पर झुका सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया आप लोग मेरी बात कभी मत मानना लेकिन सुनना जरूर फिर विचार करना निर्णय तुम्हें खुद करना है यदि सही है तो मनना जरुर महावीर ने आदेश दिया जो सत्य है वह महावीर ने कहा है यदि ये अनुभव में आ जाऐ कि महाराज सत्य वोल रहें बस इतना स्वीकार कर लो कि महाराज ने कहा वह सत्य है। रात्रि भोजन छोड़ने योग्य है मैं नहीं कर पा रहा मेरी कमी है ये बेटे से कहना कि मेरी करनी गलत है शास्त्रों में जो लिखा है वहीं सत्य है उक्त आश्य के उद्गार नंदीश्वर मैदान टीकमगढ़ में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए। मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि आदिनाथ धाम त्रिकाल चौबीसी का पंचकल्याणक महा महोत्सव 17 फरवरी से 23 फरवरी तक होने जा रहा है महोत्सव में भगवान के माता पिता बनने का सौभाग्य श्रीमती पुष्पा देवी गुलाब चंद जैन को मिलेगा। सौधर्म इन्द्र जिनेंद्र कुमार ककडारी, कुबेर विमल जैन मालपीथा, महा यज्ञ नायक रमेश चंद्र जैन जतारा, भरत चक्रवर्ती एवं बाहुबली संजय जैन एवं राजीव जैन मडावरा वाले ईशान इंद्र अशोक जैन अस्तौन बाले सानत कुमार इंद्र बाल चंद अतुल कुमार जैन सेल सागर माहेंद्र इन्द्र शील चंद जैन जैन सजावट राजाश्रेयांश का सौभाग्य गजेंद्रजैन लुईसचौधरी को राजासोम विमलजैन को, मूलनायक आदिनाथ भगवान की प्रतिमा का सौभाग्य राजकुमार जैन राजीव जैन पार्षद यज्ञनायक एवं विधि नायक की प्रतिमा का सौभाग्य राजकुमार जैन राजीव जैन पार्षद बड़माडई परिवार को प्राप्त हुआ।

# रिषा जैन ने इंगलिश एसे राईटिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान यूनिवर्सिटी, जयपुर द्वारा आयोजित इन्टर कॉलेज यूथ फेस्टिवल 2022-23 में इंग्लिश एसे (निबन्ध) प्रतियोगित्ता में एस. एस. जैन सुबोध पी. जी. ऑटोनोमस कॉलेज, जयपुर कि मास्क कम्यूनिकेशन कि छात्रा रिषा जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगित्ता में राजस्थान के सभी कॉलेजो के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया था। पुरस्कार रिषा जैन को पुरस्कार प्रोफेसर अंजलिका शर्मा व इंग्लिश की हैड ऑफ दा डिपार्टमेंट पूजा जोशी ने संयुक्त रुप से दिया। यूथ फेस्टिवल की संयोजिका प्रोफेसर अंजलिका शर्मा, सह संयोजिका डॉ. अमिता राज गोयल व स्टूडेन्ट्स वेलफेयर के डीन डॉ. नरेश मलिका मलिक भी उपस्थित थे।

# घटयात्रा के साथ गिरारगिरी में आज से होगा पंचकल्याणक महोत्सव का शुभारंभ

## आध्यात्मिक संत आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज का 27 पिच्छिधारी साधुओं के साथ आज मंगल प्रवेश, होगी भव्य अगवानीश्रद्धालुओं में भारी उत्साह

**ललितपुर. शाबाश इंडिया**

विंध्यगिरी की पर्वतमालाओं एवं धसान नदी के तट पर प्रकृति की अनुपम सुंदरता मध्य स्थित दिगम्बर जैन आदिनाथ अतिशय क्षेत्र गिरारगिरी विकासखंड मड़ावरा में चर्या शिरोमणि, आध्यात्मिक संत आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के विशाल संघ सान्निध्य में ब्र. जय कुमार जी निशांत, पंडित सनत कुमार विनोद कुमार जैन के प्रतिष्ठाचार्यत्व में 17 फरवरी से 22 फरवरी तक आयोजित श्री 1008 मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक मानस्तम्भ जिनबिम्ब प्रतिष्ठा, विश्वशान्ति महायज्ञ एवं रथोत्सव महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को विधि विधान के साथ किया जाएगा। महोत्सव में सान्निध्य प्रदान करने के लिए आध्यात्मिक संत चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज का विशाल संघ सहित मंगल प्रवेश 17 फरवरी की प्रातः बेला में होगा। आचार्यश्री ससंघ का गुरुवार को रात्रि विश्राम बरायठा के पास हुआ, उसके बाद शुक्रवार को प्रातः बरायठा होते हुए गिरार गिरी में भव्य मंगल अगवानी की जाएगी। आचार्यश्री के विशाल संघ की अगवानी के लिए



श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

**महोत्सव में 27 साधुओं का मिलेगा सान्निध्य**

प्रचारमंत्री, मीडिया प्रभारी डॉ सुनील संचय ने बताया कि पंचकल्याणक महोत्सव में आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी सहित 27 दिगम्बर मुनि का सान्निध्य मिलेगा। आचार्यश्री के साथ उनके शिष्य श्रमण मुनि श्री सुव्रतसागर जी महाराज, श्रमण मुनि श्री अनुत्तरसागर जी , श्रमण मुनि श्री अनुपमसागर जी, श्रमण मुनि श्री आराध्य सागर जी, श्रमण मुनि श्री प्रणेय सागर जी, श्रमण मुनि श्री प्रणीत सागर जी, श्रमण मुनि श्री प्रणुत सागर जी, श्रमण मुनि श्री सर्वार्थ सागर जी, श्रमण मुनि श्री साम्य सागर जी, श्रमण मुनि श्री समत्त्व सागर जी, श्रमण मुनि श्री सौम्य सागर जी, श्रमण मुनि श्री सारस्वत सागर, श्रमण मुनि श्री संजयंत सागर जी, श्रमण मुनि श्री संयत सागर जी, श्रमण मुनि श्री यशोधर सागर जी, श्रमण मुनि श्री योग्य सागर जी, श्रमण मुनि श्री यतींद्र सागर जी, श्रमण मुनि श्री यत्न सागर जी, श्रमण मुनि श्री निर्ग्रन्थ सागर जी, श्रमण मुनि श्री निर्मोह सागर जी, श्रमण मुनि श्री निसंग सागर जी, श्रमण मुनि श्री निर्विकल्प सागर जी, श्रमण मुनि श्री जयन्द्र सागर जी, श्रमण मुनि श्री जितेंद्र सागर जी, श्रमण मुनि श्री जयंत सागर जी, श्रमण मुनि श्री सुभग सागर जी महोत्सव में पधार रहे हैं। विशाल संघ सान्निध्य में महोत्सव देखने योग्य होगा, हजारों श्रद्धालु पुण्यार्जन करने गिरार पहुचेंगे। पंचकल्याणक महोत्सव में शुक्रवार को घटयात्रा के साथ शुभारंभ किया जाएगा, साथ ही मंगल ध्वज स्थापना, वेदी शुद्धि, सकलिकरण, इंद्र प्रतिष्ठा, मंडप प्रतिष्ठा, याग मंडल विधान तथा इंद्र दरबार लगाया जाएगा जिसमें गर्भ कल्याणक के पूर्व रूप को मंचित किया जाएगा।

## वेद ज्ञान

### जीवन में संगठन का महत्व

मनुष्य के जीवन में संगठन का बड़ा महत्व है। अकेला मनुष्य शक्तिहीन है, जबकि संगठित होने पर उसमें शक्ति आ जाती है। संगठन की शक्ति से मनुष्य बड़े-बड़े कार्य भी आसानी से कर सकता है। संगठन में ही मनुष्य की सभी समस्याओं का हल है। जो परिवार और समाज संगठित होता है वहां हमेशा खुशियां और शांति बनी रहती है और ऐसा देश तरक्की के नित नए सोपान तय करता है। इसके विपरीत जो परिवार और समाज असंगठित होता है वहां आए दिन किसी न किसी बात पर कलह होती रहती है जिससे वहां हमेशा अशांति का माहौल बना रखता है। संगठित परिवार, समाज और देश का कोई भी दुश्मन कुछ नहीं बिगाड़ सकता, जबकि असंगठित होने पर दुश्मन जब चाहे आप पर हावी हो सकता है। संगठन का प्रत्येक क्षेत्र में विशेष महत्व होता है, जबकि बिखराव किसी भी क्षेत्र में अच्छा नहीं होता है। संगठन का मार्ग ही मनुष्य की विजय का मार्ग है। यदि मनुष्य किसी गलत उद्देश्य के लिए संगठित हो रहा है तो ऐसा संगठन अभिशाप है, जबकि किसी अच्छे कार्य के लिए संगठन वरदान साबित होता है। प्रत्येक धर्म ग्रंथ संगठन और एकता का संदेश देते हैं। कोई भी धर्म आपस में बैर करना नहीं सिखाता। सभी धर्मों में कहा गया है कि मनुष्य को परस्पर प्रेमपूर्वक वार्तालाप करना चाहिए। मनुष्य जब एकमत होकर कार्य करता है तो संपन्नता और प्रगति को प्राप्त करता है। संगठन में प्रत्येक व्यक्ति का विशेष महत्व होता है इसलिए जब मनुष्य संगठित होकर कोई कार्य करता है तो उसके परिणाम में विविधता देखने को मिलती है। जिस तरह प्रत्येक फूल अपनी-अपनी विशेषता और विविधता से किसी बगीचे को सुंदर व आकर्षित बना देते हैं उसी तरह मनुष्य भी अपनी-अपनी विशेषता और योग्यता से किसी भी कार्य को नया आयाम प्रदान कर सकते हैं। यह भी संभव नहीं है कि किसी विषय पर सभी व्यक्तियों का मत एक जैसा ही हो, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति किसी विषय या समस्या को अपने नजरिये से ही देखता है और इसी आधार पर उसका समाधान भी खोजता है, लेकिन जब बात संगठन की आती है तब मनुष्य को वही करना चाहिए जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों का भला हो।

## संपादकीय

# सड़कों पर बर्बर होते लोग, यह अच्छी बात तो नहीं...

सड़कों पर अलग-अलग वजहों से हादसे और इनमें नाहक ही लोगों की जान जाने की घटनाएं आम रही हैं। इस पर चिंता जताने से लेकर यातायात व्यवस्था में सुधार के उपाय किए जाते रहे हैं। लेकिन एक विचित्र प्रवृत्ति यह देखी जा रही है कि कोई व्यक्ति जानबूझ कर न केवल नियम-कायदों को धता बता कर वाहन चलाता है, बल्कि जांच या किसी अन्य वजह से रोके जाने पर आपराधिक तरीके से अराजक हो जाता है और किसी व्यक्ति या वाहन को जानलेवा तरीके से टक्कर मारने या काफी दूर तक घसीटने तक की हरकत कर बैठता है। गौरतलब है कि दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में शनिवार को कार चलाते हुए एक युवक ने नियम के मुताबिक सीट बेल्ट नहीं लगा रखा था। जब एक यातायात पुलिसकर्मी ने उसे वाहन रोकने का संकेत किया तो उसने उसे टक्कर मार दी। यही नहीं, पुलिसकर्मी किसी तरह बचने के लिए कार की बोनट पर लटक गया तो युवक उसे अपनी कार से लगभग पांच सौ मीटर तक



घसीटता चला गया। किसी तरह उस कार को रोका गया और पुलिसकर्मी का जान बच सकी। यह समझना मुश्किल है कि कोई आम आदमी भी ऐसी हरकतें क्यों कर बैठता है जो कानूनन गलत और अपराध हैं। दरअसल, इस घटना में कई ऐसे पहलू हैं, जो इसे किसी हादसे या अचानक प्रतिक्रिया से अलग करते हैं। कार या कोई निजी वाहन रखने के साथ उसे चलाने से संबंधित सभी नियम-कायदों की जानकारी रखना और उस पर अमल करना एक सहज सलीका होना चाहिए। यह न सिर्फ यातायात व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने के लिए, बल्कि खुद वाहन में सवार सभी लोगों की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। मसलन, कार में सीट बेल्ट पहनना इसलिए जरूरी है, ताकि दुर्घटना या अन्य स्थितियों में वाहन में मौजूद लोगों को होने वाले नुकसान की आशंका को कम किया जा सके। लेकिन हैरानी यह है कि दिल्ली की ताजा घटना में इस नियम को ताक पर रख कर वाहन चला रहे व्यक्ति ने इसके लिए रोकने वाले पुलिसकर्मी को जानलेवा तरीके से घसीटा। यह अपने आप में सड़क पर नियम-कायदों के मुताबिक वाहन चलाने के बजाय कुछ चालकों के भीतर बढ़ती अराजकता और आपराधिक प्रवृत्ति का संकेत है। विडंबना यह है कि ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिसमें वाहन में बैठा कोई व्यक्ति इस बात की फिक्र करना जरूरी नहीं समझता कि उसकी ऐसी अराजकता से किसकी जान जा रही है। वाहन की जांच या नियमों के उल्लंघन पर रोकने की कोशिश करने वाले पुलिसकर्मियों को भी घसीटने के कई मामले सामने आ चुके हैं। इसके अलावा, कुछ समय पहले दिल्ली में एक युवती को करीब बारह किलोमीटर तक घसीटने से हुई मौत की बेहद अफसोसनाक घटना सामने आई थी। रविवार को मेरठ-दिल्ली मार्ग पर एक कंटेनर चालक ने बेहद मामूली बात पर जानबूझ कर एक कार को टक्कर मारी और उसे पांच सौ मीटर तक घसीटता गया। यह वक्त के साथ ज्यादा संसाधनों और सुविधाओं से लैस होते समाज की हकीकत है, जिसमें कुछ लोग कानून और नियमों का पालन करने के बजाय रुतबे के वहम में अराजक हो जाने में अपनी शान समझते हैं। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# आवास योजना...

सभी बेघर गरीबों को पक्की छत मुहैया कराने के घोषित लक्ष्य को पूरा करने में अब महज एक साल का समय शेष है। लोकसभा की एक विशेष समिति ने अपनी रिपोर्ट में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे घरों की धीमी रफ्तार पर चिंता जताई है। यह तब है जबकि योजना के तीव्र गति से क्रियान्वयन के लिए पैसा कोई बाधा नहीं है। इस योजना के लिए बजट में साल दर साल इजाफा हुआ है। इस बार भी इसमें तैंतीस फीसद यानी उन्यासी हजार करोड़ का इजाफा हुआ है। ऐसा नहीं है कि गरीबों और बेघरों को पक्की छत मुहैया कराने वाली इस योजना की सुस्त चाल पर पहली बार चिंता जताई गई है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 2020 में ही इस योजना के क्रियान्वयन में आई नाटकीय सुस्ती का संज्ञान लेते हुए कहा था कि योजना के तहत स्वीकृत और बन कर तैयार हो चुके घरों के बीच का फासला इकतीस लाख बीस हजार तक पहुंच चुका है। मंत्रालय ने नाराजगी जताते हुए राज्यों से इस योजना के अमल में तेजी लाने को कहा था। हालांकि तब कई राज्यों ने कहा कि यह सुस्ती कोराना महामारी के दौरान लगाई गई पूर्णबंदी, अन्य पाबंदियों, बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण आई। सभी बेघर गरीबों को पक्की छत मुहैया कराने के घोषित लक्ष्य को पूरा करने में अब महज एक साल का समय शेष है। मगर सरकारी आंकड़े बताते हैं कि अब तक जितने पक्के आवास देने का लक्ष्य था, उसके मुकाबले एक करोड़ अड़तीस लाख घर कम बने हैं। भूमि की उपलब्धता, पात्रों के चयन में देरी, पहली व दूसरी किस्त जारी करने में देरी और समय पर कोष उपलब्ध नहीं हो पाने जैसे तमाम कारण हैं। इस मसले पर समिति ने अपनी एक सिफारिश में कहा है कि मंत्रालय तय लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समय-समय पर आवास निर्माण की परियोजनाओं की समीक्षा करे और उन कारणों की पहचान की जाए, जो परियोजनाओं में देरी की वजह बन रहे हैं। यह सुझाव दरअसल देश में तमाम योजनाओं के संदर्भ में बेहद उपयोगी है, क्योंकि इस समस्या के हल का यही सबसे बेहतर रास्ता है। यों देश के ज्यादातर राज्यों में तस्वीर बहुत अलग नहीं है। मगर पश्चिम बंगाल को एक उदाहरण के तौर पर देखा जा सकता है, जहां लाभार्थियों के चयन में कथित धांधली और केंद्र व राज्य सरकार के बीच खींचतान के कारण बेघरों को छत मुहैया कराने की योजना लगभग ठप है। भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच योजना का नाम बदलने के कारण केंद्र ने पश्चिम बंगाल को इस योजना के तहत भेजी जाने वाली रकम अप्रैल, 2022 से ही रोक रखी है। किसी योजना के जमीन पर उतरने की रफ्तार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। निश्चित तौर पर योजनाओं पर अमल को लेकर सुस्ती के लिए प्राथमिक स्तर पर प्रशासनिक शिथिलता, अड़चनें और भ्रष्टाचार जिम्मेदार है। लेकिन कई बार किसी योजना को लेकर केंद्र और राज्यों के बीच विभिन्न मसलों पर खींचतान भी एक कारण है। देश भर में किसी योजना की घोषणा, उसके लिए राशि का आबंटन और उस पर अमल की जमीनी हकीकत में आमतौर पर काफी फर्क होता है। यह बेवजह नहीं है कि ज्यादातर मामलों में केंद्र या राज्यों की सरकारें किसी जनउपयोगी योजना या कार्यक्रम की घोषणा तो करती है, लेकिन उसके लिए राशि जारी करने से लेकर उसे पूरा करने में इतना वक्त लग जाता है कि कई बार उसके अपेक्षित नतीजे सामने नहीं आ पाते।

# जयपुर की मिताली सोनी "यंगेस्ट फिल्ममेकर ऑफ द ईयर" अवार्ड से हुई सम्मानित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जयपुर निवासी मिताली सोनी ने राजस्थान के गौरव को मुम्बई में रोशन किया, जब उन्हें मुम्बई में फिल्मी जगत की अनेक प्रख्यात शख्सियतों के बीच ''दादा साहब फाल्के इंडियन टेलिविजन अवार्ड'' से सम्मानित किया गया। फिल्मोरा मीडिया की ओर से ताज सांताक्रुज, मुम्बई में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें मुम्बई के असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर संजय पाटिल व अन्य हस्तियों के कर कमलों से दादा साहब फाल्के इंडियन टेलिविजन अवार्ड के तहत **''यंगेस्ट फिल्ममेकर ऑफ द ईयर''** कैटेगिरी में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बॉलीवुड एवं टीवी जगत की विभिन्न नामी ग्रामी हस्तियों के साथ उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ, जिनमें एक्ट्रेस डोनल बिष्ट, बिग बॉस फेम एक्ट्रेस बंदगी कालरा, कामना फेम एक्ट्रेस चांदनी शर्मा, कुंडली भाग्य फेम अनीशा हिंदुजा, इश्कबाज फेम एक्टर कुणाल जयसिंह, एक्टर आयुष आनंद, इश्कबाज, बालिका वधू फेम), महाराणा प्रताप फेम एक्ट्रेस स्मिता डोंगरे सहित अनेक शख्सियत भी शामिल रही।

# धूमधाम से मनाया फागोत्सव



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** खातीपुरा स्थित कुमावत बाड़ी में बिजेएच परिवार की ओर से फागोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जानकारी देते हुए आयोजक समिति की नेहा शर्मा व अमिषा सिह खीची ने बताया कि फागुनी बहार व लोक संस्कृति से परिपूर्ण फागोत्सव में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लेकर थाने देख कोनी पाई बाबा श्याम.. घुंघटियो आडे आगयो जी ...जैसे भजनों बाबा श्याम को रिझाया। इस मौके पर नेहा शर्मा सिद्धी शर्मा, बनारसी कंवर, चंचल कवर निर्मला कंवर, मीना कंवर, अमिषा सिंह, चंदा कंवर, गुड्डु कवर मिथिलेश, करुणा शर्मा, सुशीला, तन्नू, हिना, पायल, ग्रेसी, ममता कुमावत व अनेक महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति की ओर से मगेज सिह कैलाश सिंह भूपेष सिह व भवानी सिंह ने सभी का आभार जताया।






## 1008 श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक 17 फरवरी को मनाया जाएगा

**कोटा. शाबाश इंडिया।** परम पूज्य राष्ट्रसंत मुनि श्री चिन्मय सागर जी महाराज जंगल वाले बाबा की पावन प्रेरणा से निर्मित 1008 श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन त्रिकाल चौबीसी जैन मंदिर आर के पुरम में दिनांक 17 फरवरी को मुनिसुव्रतनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महा महोत्सव का आयोजन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानो के साथ हर्षोल्लास के वातावरण में किया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष महावीर जैन, महामंत्री पवन पाटौदी, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने बताया कि प्रातः काल मंगलाष्टक के बाद 108 रिद्धि मंत्रों से प्रथमाभिषेक अभिषेक एवम अभिषेक के बाद विश्व में शांति की मंगल भावना से शांति धारा पंडित अभिषेक शास्त्री के निर्देशन में श्रद्धा भक्ति भाव और समर्पण के साथ की जाएगी। 31 वर्षो से पत्रकारिता के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान देने वाले राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवम मंदिर समिति के प्रचार प्रसार मंत्री पारस जैन पार्श्वमणि ने बताया कि सभी पांडु शिला एवम भुतकालीन चौबीसी पर शांति धारा श्रद्धालुओं द्वारा की जाएगी। उसके बाद अष्टानिका पर्व विधान के मुख्य पात्रों का चयन भी किया जाएगा। तत्पश्चात पूजन कर एवम निर्वाण लाडू चढ़ाया जायेगा। रात्रि में भक्तामर आराधना एवम महाआरती 108 मंगल दीपकों से की जाएगी।

## भारतीय लोककला मण्डल का स्थापना दिवस समारोह 22 से

**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** लोक कलाओं की अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्था भारतीय लोक कला मण्डल का 72 वां स्थापना दिवस समारोह 22 फरवरी से प्रारम्भ होगा। इस अवसर पर प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी तीन दिवसीय लोकानुरंजन मेला और 6 दिवसीय 19 वाँ पद्मश्री देवीलाल सामर स्मृति राष्ट्रीय नाट्य समारोह भी होगा। कला मण्डल निदेशक डॉ.लईक हुसैन ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह के आयोजन के तहत 22 फरवरी से 24 फरवरी तक 'लोकानुरंजन मेला' लगेगा। 25 फरवरी से 02 मार्च तक **'19 वें पद्मश्री देवीलाल सामर स्मृति राष्ट्रीय नाट्य समारोह'** का आयोजन कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, राजस्थान सरकार, दी परफोरमर्स कल्चरल सोसायटी-उदयपुर, अयोध्या शोध संस्थान, संस्कृति विभाग - उत्तर प्रदेश, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र-पटियाला, पंजाब संगीत नाटक अकादमी, हरियाणा कला परिषद-कुरूक्षेत्र, माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान-उदयपुर, कला एवं संस्कृति विभाग- गोवा, खेल युवक सेवा एवं सांस्कृतिक प्रवृति विभाग, गाँधी नगर के सहयोग से किया जाएगा। जिसमें राजस्थान, पंजाब, जम्मू एण्ड कश्मीर, हरियाणा, उत्तराखण्ड, गुजरात, सहित कुल 10 राज्यों के लोक कलाकार प्रस्तुतियां देंगे।

# जयपुर व्यापार महासंघ की जनरल मीटिंग सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जयपुर व्यापार महासंघ की राजस्थान चेम्बर भवन एम आई रोड सभागार में आयोजित जनरल मिटिंग में जयपुर के बाजारों की समस्याओं पर चर्चा हुई। महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, महामंत्री सुरेन्द्र बज, कार्यकारी अध्यक्ष हरीश केडिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश सेनी ने बताया कि मुख्य रूप से यातायात व्यवस्था में सुधार, सभी बाजारों में स्मार्ट सिटी व प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु स्थानीय थाने की निगरानी मे उउळश केमरों की व्यवस्था, मेट्रो प्रशासन द्वारा बड़ी चौपड़ पर भूमिगत पार्किंग व्यवस्था,बाजारों मे 2 घण्टे की वाहन पार्किंग व्यवस्था का कड़ाई से पालन हों जिससे ग्राहकों को पार्किंग सुविधा मिले। नगर निगम द्वारा यू डी टेक्स के प्राइवेट कम्पनी द्वारा दिये जा रहे गलत नोटिस रद्द करने, दुकानों के साइनबोर्ड कीं व्यवहारिक नीति बनाने संबंधी सुझाव आये । व्यापार महासंघ स्मार्ट सिटी, दोनों निगम के महापौर व अधिकारियों,यातायात पुलिस अधिकारियों,जयपुर सांसद, विधायक गण से उपरोक्त समस्याओं के समाधान के लिए चर्चा करेगा व समाधान हेतु हर संभव प्रयास करेगा। मिटिंग मे सोभाग मल अग्रवाल, हर पाल सिंह पाली, प्रकाश सिंह,मिन्तर सिंह राजावत, कैलाश मित्तल,मनीष खुटेटा, राजेन्द्र गुप्ता व अन्य पदाधिकारियों ने भी सुझाव रखे। मिटिंग में जयपुर यातायात के नव नियुक्त डी आई जी डा.रामेश्वर सिंह का स्वागत किया गया। उन्होंने यातायात पुलिस से संबंधित समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।




भगवान महावीर की 2621 वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर

के तत्वावधान में

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के द्वारा

मुख्य प्रायोजक: R K GROUP, Kishangarh, Rajasthan, lasting impressions — WONDER CEMENT, EK PERFECT SHURUAAT — www.rkmarble.com | www.wondercement.com

सह प्रायोजक: ARL Infratech Ltd.

# हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन

## शनिवार, 25 फरवरी 2023

**समय : सायं 7.00 बजे से**

**स्थान : भट्टारक जी की नशियां, नारायण सिंह सर्किल टोंक रोड़, जयपुर**

## आंमत्रित कविगण



**श्री प्रताप फौजदार**
(हास्य सम्राट)



**श्री बुद्धि प्रकाश दाधीच**
(हास्य एवं राज. गीतकार)



**श्री शम्भू शिखर**
(हास्य पैरोडी सम्राट)



**श्री सुनील व्यास मुंबई**
(हास्य व्यंग्य)



**श्री पी.के.मस्त**
(हास्य व्यंग्य)



**स्वर कोकिला कल्पना शुक्ला**
(श्रृंगार)



**श्री कमलेश जैन 'वसन्त'**
(मंच संचालन)

## :: आयोजन समिति ::

| मुख्य समन्वयक | परामर्शक | समन्वयक | सह-समन्वयक | सह-समन्वयक | सह-समन्वयक | सह-समन्वयक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यश कमल - संगीता अजमेरा | दर्शन - विनीता बाकलीवाल | मनीष - शोभना लोंग्या | विनोद - हेमा सोगानी | चक्रेश -पिंकी जैन | राजेश - रानी पाटनी | अनिल - ज्योति जैन चौधरी |

**आयोजक संस्था संयोजक ::** धीरज-सीमा पाटनी, नितेश-मीनू पाण्ड्या, संजय-ज्योति छाबड़ा, सपन-रजनी जैन छाबड़ा, पंकज-नीना जैन विजय-माया झांझरी, सुधीर-अलका गोधा, अजय-वर्षा बाकलीवाल

**संयोजक ::** डॉ. राजेन्द्र कुमार जैन, सुनील बज, कैलाश चन्द बिंदायका, मोहनलाल गंगवाल, श्रीमती प्रमिला शाह, सुनील जैन, प्रमोद सोनी, अनिल पाटनी, रवि सेठी ईजी. पी.सी. छाबड़ा, डॉ.मोहन लाल जैन 'मणी', राजेश चौधरी, श्रीमती बीना टोंग्या, श्रीमती शकुन्तला बिन्दायका, महावीर बोहरा, नीरज जैन, सतीश बाकलीवाल, बसंत जैन

**:: सहयोगी दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप ::**

जयपुर मेंन, गुलाबी नगर, आदिनाथ, नवकार, जैन भारती, मैत्री, डायमंड, वर्धमान, पार्श्वनाथ, तीर्थंकर, ब्लू स्टार, पिंक पर्ल, वात्सल्य, संगिनी फॉरएवर, सम्यक, वीर, जनक श्री, स्वस्तिक, विराट, मालपुरा, गंगापुर सिटी, दौसा, सीकर, श्री महावीर जी .......

## निवेदक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन, जयपुर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राजेश बड़जात्या | अनिल जैन IPS | महेन्द्र कुमार पाटनी | सुरेन्द्र कुमार पाण्ड्या | नवीन सेन जैन | यश कमल अजमेरा | अतुल बिलाला | पारस कुमार जैन | निर्मल संघी |
| अध्यक्ष | संस्थापक अध्यक्ष | वरिष्ठ परामर्शक | परामर्शक | परामर्शक | निर्वतमान अध्यक्ष | पूर्व अध्यक्ष | कोषाध्यक्ष | महासचिव |

## आयोजक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राकेश-समता गोदिका | दिनेश-संगीता गंगवाल | मनीष-शोभना लोंग्या | सुनील-सुनीता गोदिका | चक्रेश-पिंकी जैन | राकेश-रेणु संघी | महेन्द्र-सुनिता कासलीवाल | अनिल-निशा संघी |
| अध्यक्ष | परामर्शक | कार्याध्यक्ष | उपाध्यक्ष | उपाध्यक्ष | उपाध्यक्ष | उपाध्यक्ष | सचिव |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अनिल-अनिता जैन | राजेश-रितु छाबड़ा | राजेश-रानी पाटनी | प्रदीप-प्राची बाकलीवाल | चेतन-डॉ.अनामिका पापडीवाल | कमल-मंजु ठोलिया | राजेन्द्र-कुसुम जैन |
| कोषाध्यक्ष | संगठन सचिव | संगठन सचिव | संयुक्त सचिव | संयुक्त सचिव | सांस्कृतिक सचिव | खेल सचिव |

**कार्यकारिणी सदस्य :** अनिल-ज्योति चौधरी * डॉ अनुपम-विनीता जैन * सपन-रजनी छाबड़ा * नितेश-मीनू पाण्ड्या * **विशेष आमंत्रित :** अशोक-अर्चना पाटनी * अशोक सेठी

**सम्पर्क सूत्र :: 9414078380, 9829067076, 9785074581, 9887555249**

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के बेनर पोस्टर का हुआ विमोचन




## शिविर 19 फरवरी रविवार को

**निवाई. शाबाश इंडिया**

मानव समाज हितार्थ 19 फरवरी रविवार को आयोजित होने वाले जेएनयू मेडिकल कालेज एवं हांस्पिटल व पंकज कुमार अनुभाग अधिकारी पूर्व अध्यक्ष शासन सचिवालय के तत्वावधान में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर की तैयारियों को लेकर गुरुवार को मुक बधिर विद्यालय में समाजसेवी हुकमचंद जैन की अध्यक्षता में बेनर पोस्टर का विमोचन किया गया। जिसमें लायन्स क्लब, क्राईम इन्वेस्टिगेशन बोर्ड, श्री श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान, विशुद्ध वर्धिनी महिला मण्डल, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, जैन कम्युनिकेशन निवाई के पदाधिकारियों ने बेनर पोस्टर का विमोचन किया एवं शिविर के प्रचार वाहन रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान आवश्यक संसाधन, शहर में प्रचार-प्रसार आदि विषय पर चर्चा की गई। इस अवसर पर क्राइम इन्वेस्टिगेशन बोर्ड जिला अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, संरक्षक विमल कुमार पराणा, प्रवक्ता विमल जौला, शेलेन्द्र जैन, कमल मीणा, लायन्स क्लब संरक्षक हुकमचंद जैन, अध्यक्ष ज्ञानचंद सोगानी, मंत्री सीताराम स्वामी, कोषाध्यक्ष महेंद्र लावा, लक्ष्मी चंद शर्मा, विशुद्ध वर्धिनी महिला मण्डल की अध्यक्ष शशी सोगानी, ममता गिन्दोडी, अन्तिमा झिराणा, मेना मण्डावर सहित कई संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दिगंबर जैन परवार समाज महिला मंडल का शपथ समारोह 18 फरवरी को

**इंदौर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन परवार समाज महिला मंडल के चुनाव पिछले दिनों संपन्न हुए जिसमें श्रीमती मुक्ता राजेश जैन अध्यक्ष, श्रीमती वंदना जैन कार्याध्यक्ष, एवं श्रीमती सारिका जैन को सचिव पद पर निर्विरोध मनोनीत किया गया। नई कार्यकारणी का शपथ विधि समारोह 18 फरवरी को दोपहर 2:30 बजे से बायपास रोड स्थित राजशाही गार्डन बिचोली मरदाना में होगा जिसमें शपथ विधि अधिकारी प्रसिद्ध साहित्यकार एवं लेखक श्रीमती ज्योति जैन नई कार्यकारणी को शपथ दिलाएंगी। मुख्य अतिथि डीएवीवी की कुलपति डॉक्टर रेणु जैन एवं ए डी एस पी (पीटीसी) सौम्या जैन होंगी। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में प्रसिद्ध गायनाकोलाजिस्ट डॉक्टर अर्पणा जैन, चोइथराम कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ रीता जैन(नायिका) एवं एवं समाज नेत्री श्रीमती रूपाली जैन भी उपस्थित रहेंगी।


मुक्ता राजेश जैन अध्यक्ष


सचिव -एडवोकेट सारिका राजेश जैन

# अंशुल जैन ने शांतिधारा कर के मनाया जन्मदिन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** खोरा निवासी अमरचंद -उषा दीवान के पुत्र अंशुल जैन ने अपना जन्मदिन श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बेनाड मे अतिश्यकारी चंद्रप्रभु भगवान के अभिषेक शांतिधारा करके मनाया। इस अवसर पर निहाल चंद पांड्या, अमर चंद - उषा दीवान (मंत्री चन्दींगरी बैनाड़), नेमीचंद -ज्योति, शुभम, रचित, नैतिक, दिव्या -मयूर बड़जात्या दाता ने उपस्थित होकर पुण्यार्जन किया।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर **'शाबाश इंडिया'** आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतु का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादक: राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com



# गाड़ी, बंगले यहीं रह जाएंगे, रिश्ते साथ जाएंगे इसलिए नहीं रखे दुर्भाव: समकितमुनि

## पूज्य समकितमुनिजी के सानिध्य में मनाया गया आदिनाथ भगवान का केवल ज्ञान दिवस, शांतिभवन में प्रवचन के बाद दोपहर में चित्तौड़गढ़ की दिशा में किया विहार

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** श्रमण संघीय सलाहकार भीष्म पितामह पूज्य सुमतिप्रकाशजी म.सा. के सुशिष्य आगममर्मज्ञ,प्रज्ञामहर्षि डॉ. समकितमुनिजी म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में गुरूवार को शांतिभवन में आदिनाथ भगवान का केवलज्ञान दिवस मनाया गया। इस आयोजन में भक्ति का सैलाब उमड़ा एवं विशाल सभागार भी भक्तों की संख्या के समक्ष छोटा प्रतीत हुआ। शांतिभवन में तीन माह बाद फिर समकितमुनिजी के एतिहासिक सफल चातुर्मास जैसा नजारा पेश हो गया। मुनिश्री ने दोपहर बाद शांतिभवन से चित्तौड़गढ़ की दिशा में विहार कर दिया। आदिनाथ भगवान के केवल ज्ञान दिवस में पूज्य समकितमुनिजी म.सा. ने प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के जीवन प्रसंगों की चर्चा करते हुए कहा कि तीर्थंकरों की वाणी में जीवन का सार समाहित है। इनसे प्रेरणा लेकर जीवन को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भौतिक सुविधाएं गाड़ी, बंगला सब यहीं छूट जाएंगे लेकिन हम स्नेह या नफरत का जो रिश्ता बनाएंगे वह साथ जाएगा। इसलिए जीवन में किसी के प्रति दुराग्रह या दुर्भावना का रिश्ता नहीं बनाए अन्यथा जन्म-जन्मांतर तक यह वैर भावना बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि जीवन क्षणभंगुर है और कब तक जीएंगे कोई नहीं जानता इसलिए हमेशा ऐसे सद्कर्म करें कि वापस जन्म नहीं लेना पड़े। प्रवचन सभा में पूज्य प्रेरणाकुशल भवान्तमुनिजी म.सा. का भी सानिध्य मिला। आदिनाथ भगवान के केवल ज्ञान प्रसंग पर आधारित नाटिका का मंचन लाड़जी मेहता एवं मधु लोढ़ा के नेतृत्व में महिला मंडल की सदस्यों एवं श्राविकाओं द्वारा किया गया। इसके माध्यम से बताया गया कि भगवान आदिनाथ को किन परिस्थितियों में केवलज्ञान प्राप्त होता है। जैन कॉन्फ्रेंस महिला शाखा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पा गोखरू, राजस्थान प्रान्तीय अध्यक्ष नीता बाबेल, महावीर युवक मंडल के अध्यक्ष प्रमोद सिंघवी आदि ने भी विचार व्यक्त किए। उदयपुर हिरणमगरी श्रीसंघ के मंत्री महेन्द्र पोखरना ने होली चातुर्मास के लिए उदयपुर पधारने एवं चित्तौड़गढ़ श्रीसंघ के उपाध्यक्ष अजीत नाहर ने चित्तौड़गढ़ में होने वाले प्रवचन में शामिल होने के लिए सभी श्रावक-श्राविकाओं को आमंत्रित किया। शांतिभवन श्रीसंघ के अध्यक्ष महेन्द्र छाजेड़ पूज्य मुनिश्री के शांतिभवन पधारने पर भावपूर्ण आभार व्यक्त किया। संचालन श्रीसंघ के मंत्री राजेन्द्र सुराना ने करते हुए इस बात पर खुशी जताई कि उदयपुर होली चातुर्मास के कारण भीलवाड़ावासियों को पुनः पूज्य समकितमुनिजी की वाणी श्रवण करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। प्रवचन के बाद पूज्य समकितमुनिजी म.सा. ने उदयपुर से मंत्री महेन्द्र पोखरना के नेतृत्व में पधारे श्रीसंघ के सदस्यों अनिल जारोली, प्रतापसिंह चौधरी, नरेन्द्र रामपुरिया, प्रकाश लोढ़ा आदि से एवं चित्तौड़गढ़ से पधारे श्रीसंघ के मंत्री सुनील बोहरा, उपाध्यक्ष अजीत नाहर, पूर्व अध्यक्ष सुरेश मेहता, कमल बोहरा आदि से धर्मचर्चा करने के साथ आशीर्वाद प्रदान किया। दोपहर बाद शांतिभवन से विहार कर पूज्य समकितमुनिजी म.सा., भवान्तमुनिजी म.सा. जयवंतमुनिजी म.सा. आदि ठाणा चित्तौड़ रोड स्थित शुभलक्ष्मी सिंटेक्स लि. पहुंचे। यहां कंपनी के संचालक शांतिलालजी पानगड़िया आदि ने मुनिश्री का वंदन-अभिनंदन किया।

### शुक्रवार शाम पहुच जाएंगे गंगरार

तय कार्यक्रम के अनुसार पूज्य मुनिश्री शुक्रवार 17 फरवरी को सुबह विहार कर हमीरगढ़ हवाईपट्टी के नजदीक वाटरपार्क परिसर में प्रवास करेंगे। यहां से दोपहर बाद विहार कर शाम को गंगरार पहुंच जाएंगे। गंगरार से 18 फरवरी को सुबह विहार कर चित्तौड़गढ़ के आजोलिया का खेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित पिस्ता मार्बल परिसर में सुबह 9 बजे से **"शिव धनुष"** विषय पर प्रवचन होंगा। इसी दिन शाम को चंदेरिया क्षेत्र में प्रवास कर मुनिश्री 19 फरवरी सुबह विहार कर चित्तौड़गढ़ शहर स्थानक खातरमहल में पहुंचेंगे। यहां उनके सानिध्य में पूज्य गुरूदेव जैन दिवाकर चौथमलजी म.सा. की दीक्षा जयंति मनाई जाएगी। मुनिश्री 20 फरवरी को चित्तौड़गढ़ के सेंती क्षेत्र में पहुंचने के बाद बाद उदयपुर की दिशा में विहार करने की भावना है। पूज्य समकितमुनिजी म.सा. आदि ठाणा का होली चातुर्मास उदयपुर के श्रीवर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संस्थान हिरणमगरी सेक्टर-4 में होगा। उदयपुर होली चातुर्मास के बाद मुनिश्री नासिक की ओर विहार करेंगे जहां उनके सानिध्य में 23 अप्रेल को अक्षय तृतीया पर वर्षीतप पारणा महोत्सव होंगा। उनका वर्ष 2023 का चातुर्मास पूना के आदिनाथ जैन स्थानक भवन के लिए घोषित है।



## दिगंबर जैन समाज की मीटिंग स्वाध्याय भवन में

**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया।** वात्सल्य वारिधि आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ भीलवाड़ा पधारने हेतु सकल दिगंबर जैन समाज की आवश्यक मीटिंग स्वाध्याय भवन में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सोहनलाल गंगवाल ने की। मीटिंग में आमराय से निर्णय लिया गया कि भीलवाड़ा में आचार्य वर्धमान सागर ससंघ पधारने के लिए श्रीफल अर्पित किया जाए। दिगंबर जैन समाज स्वाध्याय भवन के अध्यक्ष सोहनलाल गंगवाल ने बताया कि 19 फरवरी रविवार को भीलवाड़ा से बड़ी संख्या में दिगंबर जैन समाज के प्रतिनिधिगण बस द्वारा किशनगढ़ में विराजित आचार्य वर्धमान सागर महाराज से भेंट कर भीलवाड़ा में पधारने का निवेदन हेतु श्रीफल अर्पित किया जाएगा।

# विशाल घटयात्रा के साथ आज से होगा पंच कल्याणक महा महोत्सव का आगाज

## श्री जी रजत विमान से जायेंगे अयोध्या नगरी

## अयोध्या वासियों की तरह मन को निर्मल बनाये तब प्रभु आयेंगे-मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज



**टीकमगढ़. शाबाश इंडिया**

शहर की नंदीश्वर कॉलोनी में आदिनाथ धाम त्रिकाल चौबीसी का पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन कल घट यात्रा के साथ शुक्रवार से प्रारंभ होने जा रहा है। यह महा महोत्सव आचार्य भगवन विद्यासागर जी महामुनि राज के मंगल आशीर्वाद एवं जगत पूज्य निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज एवं छुल्लक श्री गंभीर सागर जी महाराज के संसघ सानिध्य में आज विशाल घटयात्रा श्री जिनेन्द्र देव की शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ होगा जो ढौगा मैदान स्थित अयोध्या नगरी में पहुंच कर विशाल ध्वजारोहण समारोह में बदल जायेगा। कार्यक्रम के प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया जी अशोकनगर होंगे। कार्यक्रम के मीडिया संयोजक प्रदीप जैन बम्होरी बताया कि गुरुवार को प्रातः 6:00 आचार्य भगवन विद्यासागर की पूजन एवं सुधा सागर महाराज की पूजन भक्तों के द्वारा की गई ।मुनि श्री प्रातः 7:00 शहर के बाजार मंदिर , मंझार जैन मंदिर बड़ा मंदिर नया मंदिर एवं वैध के मंदिर के दर्शन करने के लिए गए। 8:15 नंदीश्वर कॉलोनी स्थित मंच पर विराजमान हुये। पाद प्रक्षालन का परम सौभाग्य राजा कारी एवं दीप प्रज्वलन का सौभाग्य मंझार जैन मंदिर कमेटी को प्राप्त हुआ।

### सत्य से जो ऊपर होता है वही चमत्कार है...

मुनि श्री ने कहा कि सत्य से जो ऊपर होता है



वही चमत्कार है। सत्य का नाम अतिशय नहीं है। भगवान में 34 अतिशय होते हैं। वे उनकी महिमा बढ़ाते हैं। अतिशय सबसे बड़ा होता है सबसे ऊपर जिनवाणी नहीं जा सकती, सबसे ऊपर तो भक्त जा सकता है। मुनि श्री ने कहा कि कौन कहता है कि भगवान नहीं आएंगे तैयारी करो 17 तारीख को भगवान आएंगे आप लोगों को भगवान के आने की तैयारी करना है घर घर को सजाना है घर में दीपक जलाना है घर में बंधनवार बांधना है भगवान की अगवानी करना है। पंचम काल में भगवान का पुण्य काम नहीं करता पंचम काल में भक्तों का पुण्य काम कर रहा है । घर घर मे दीप जलना चाहिए कल से आपको ऐसा लगना चाहिए कि टीकमगढ़ नहीं साक्षात अयोध्या नगरी है जहां आदिनाथ भगवान का जन्म हुआ था। उन्होंने कहा कि भक्त को भगवान को खोजने की आवश्यकता नहीं है ये मस्तक जहां झुकेगा वहां भगवान होगा जैन दर्शन में मूर्ति पूजा है ही नहीं गुणों की पूजा की जाती है सिद्धालय में बैठा भगवान सत्य है या मन्दिर में बैठे ये आदिनाथ सत्य है हम तो साक्षात मानकर

## दिल के दरवाजे खोल कर रखो त्रिलोकीनाथ आने वाले हैं-मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज

नन्दीश्वर मैदान में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधा सागर जी महाराज ने कहा कि अपने घरों के साथ दिल के दरवाजे खोल कर रखो त्रिलोकीनाथ आने वाले हैं त्रिलोकीनाथ का जन्म टीकमगढ़ में नहीं अयोध्या नगरी में होगा हमें अयोध्या वासियों जैसा मन पवित्र बनाना है जैन दर्शन में मूर्ति की पूजा नहीं होती ,मूर्तिमान की पूजा होती है आपका अनुभव झूठा हो सकता है मेरा अनुभव भी झूठा हो सकता है लेकिन जिनवाणी माता झूठी नहीं हो सकती हैं। जिसको मैं नमोस्तु कर रहा हूं यही भगवान है यह भूल जाओ कि भगवान सिद्धालय में विराजमान हैं । जहां मेरा नमस्कार है वही भगवान है। मेरा शीश भगवान के बिना कहीं नहीं झुकता मेरी पूजा भगवान के बिना होती नहीं। जैन दर्शन मूर्ति को नहीं पूजता मूर्ति में भगवान को पूजता है। मुनि श्री ने कहा कि मान लो यह भगवान हैं हम जैन दर्शन में मान लो वाली चीज हमारे कर्मो का क्षय नहीं करा पाएगी प्रतिष्ठा के बाद यह नहीं कहना यह आदिनाथ की मूर्ति है हमें यह कहना है कि यह तो साक्षात आदिनाथ भगवान हैं। 23 तारीख को साक्षात आदिनाथ भगवान त्रिकाल चौबीसी में विराजमान होंगे।

भगवान की पूजा करते हैं भक्त की भक्ति में ताकत होगी भगवान को आना पड़ेगा आचार्य श्री समंत्तभद्र स्वामी ने पाषाण पिंडी के सामने स्तुति पड़ी और चंद्रप्रभु स्वामी प्रकट हो गए।

### बालक बन भगवान की भक्ति करें

उन्होंने कहा कि बन जाओ बालक मुझे चन्द्रमा चाहिए विद्वान कहेंगे कि साक्षात भगवान कभी आयेंगे ही नहीं लेकिन हमें तो चन्द्रमा चाहिए तो क्या करेंगे मां चंद्रमा को थाली में पानी डालकर ले आतीं हैं ऐसे ही आप भगवान को ला सकते हैं आयेंगे आना पड़ेगा भगवान को। और अनुभूति में आया की भगवान आ गये भक्ति सत्य की पोछ से बहुत आगे होती है मूर्ति पूजा का विश्लेषण सत्य से बहुत आगे होता है अनहोनी का नाम अतिशय है भगवान के चौंतीस हमारे कोई काम के नहीं सत्य से ऊपर भक्त जा सकता है भक्त की भक्ति जा रही है। मध्यप्रदेश महासभा के संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि श्री मद् जिनेन्द्र त्रिकाल चौबीस पंच कल्याणक महा महोत्सव का शुभारंभ घटयात्रा के साथ होगा जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए ढोगा मैदान स्थित अयोध्या नगरी पहुंचकर विशाल ध्वजारोहण समारोह में बदल जायेगा। कार्यक्रम के संयोजक बाबा नायक एवं कार्यक्रम के कार्यकारी अध्यक्ष जिनेंद्र जैन ने बताया कि 17 फरवरी शुक्रवार को प्रातः 7:00 घट यात्रा का विशाल जुलूस नंदीश्वर कॉलोनी से कार्यक्रम स्थल तक जाएगा यह घट यात्रा का जुलूस 9:00 ढोगा मैदान में पहुंचेगा जहां रेजीमेंट एवं परेड की सलामी दी जाएगी।